

# प्रदर्शन, पुतला दहन को लेकर पुलिस से नोंकझोंक



▸ किसान कांग्रेस के तत्वावधान में आयोजन, आंदोलन की चेतावनी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा/पोरसा, 18 जुलाई।** खाद संकट, ई-टोकन व्यवस्था, मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी और समय पर नहर का पानी उपलब्ध कराने की मांग को लेकर शनिवार को किसान कांग्रेस ने मुरैना जिला मुख्यालय समेत जौरा और पोरसा तहसील मुख्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला भी दहन किया। पुतला दहन के दौरान जौरा और मुरैना में कांग्रेसियों की पुलिस के साथ नोंकझोंक भी हुई।

किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जितेन्द्र डंगस के नेतृत्व में मुरैना मुख्यालय पर कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए पुरानी कलेक्ट्रेट पहुंचें। यहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने कांग्रेसियों से पुतला छीनने की कोशिश की। जिसे लेकर दोनों के बीच नोंकझोंक भी हुई। हालांकि स्थिति जल्द ही सामान्य हो गई। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि किसान खाद, सिंचाई और उपज की खरीदी को लेकर परेशान हैं, सरकार उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रही है।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की मांगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में अनिल गुर्जर, आसिफकुरैशी, रमेश अर्गल, इरशाद, इकबाल शाह, आकाश घनघोरिया, प्रवेंद्र गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे।

### जौरा में तिकोनिया पार्क पर कांग्रेसियों का प्रदर्शन



किसान कांग्रेस के जौरा ब्लॉक अध्यक्ष दीपक यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तिकोनिया पार्क पर प्रदर्शन किया। यहां पुतला दहन करने से पहले पुलिस के जवानों ने कांग्रेसियों से पुतला छीनने का प्रयास किया। करीब 10 मिनट तक दोनों के बीच खींचातानी होती रही। अंत में पुलिस जवानों ने कांग्रेसियों से पुतला छीन लिया। प्रदर्शन में मुरारीलाल अमर, रामहित त्यागी, ओमप्रकाश सकलेचा, इरशाद लोधी, अभिषेक जैन, पवन कटारे, प्रमोद शर्मा, नरेंद्र त्यागी आदि शामिल थे।

### पोरसा में सीएम के खिलाफ की नारेबाजी, जोरदार प्रदर्शन



किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पोरसा में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पुतला जलाने का प्रयास किया। पुलिस की सतर्कता से पुतला दहन नहीं हो सका और कुछ देर तक कार्यकर्ताओं व पुलिस के बीच हल्की नोकझोंक हुई। प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष रमन सिंह तोमर ने किया। प्रदर्शन में मोनू तोमर, अरविंद हिंडोलिया, रामकिशोर तिवारी, अजय सैनी, अनिल शर्मा, मदनमोहन कटारे, महावीर जैन, हरीश हिंडोलिया आदि शामिल थे।

# जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा मुरैना, निकली भव्य रथयात्रा

▸ सड़कों पर झूमते दिखे श्रद्धालु, शहर में कई जगह हुई पुष्पवर्षा, उतारी आरती



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 18 जुलाई।** मुरैना शहर में शनिवार को पहली बार भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा की भव्य रथयात्रा निकाली गई। बैरियर चौराहे से शुरू हुई यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मार्ग पर जय जगन्नाथ के जयघोष, भजन-कीर्तन और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।

शाही रथ पर विराजमान भगवान के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। यात्रा एमएस रोड सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां विभिन्न सामाजिक संगठनों और श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। जगह-जगह जलपान और प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने बड़ी संख्या में रथयात्रा में भाग लिया। पहली बार आयोजित इस भव्य आयोजन ने मुरैना के धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन में नई परंपरा की शुरुआत करते हुए श्रद्धालुओं को अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया। रथयात्रा का आयोजन इस्कॉन सेंटर मुरैना के तत्वावधान में किया गया।

## बाजार जा रहे युवक को कार सवार बदमाशों ने किया अगवा

▸ बानमोर कस्बे में शनिवार की सुबह साढ़े दस बजे हुई घटना
▸ अपहरण का केस दर्ज, पुलिस की चार टीमें तलाश में जुटी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/बानमोर, 18 जुलाई।** कस्बा बानमोर में पवाया रोड पर रहने वाले एक युवक को शनिवार की सुबह कार में सवार बदमाश अगवा कर ले गए। घटना शनिवार की सुबह करीब 10.30 बजे एनएच-44 हाईवे पर हुई। युवक घर से बाजार जाने के लिए पैदल निकला था। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। युवक की तलाश और बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस की चार टीमें प्रयास कर रही है।

जानकारी के अनुसार पवाया रोड बानमोर निवासी सोनू कुशवाह 26 पुत्र देवी सिंह कुशवाह दिल्ली में टेक्नीशियन का काम करता था। विगत करीब एक महीने से सोनू छुट्टी लेकर बानमोर स्थित अपने घर पर ही रह रहा था। शनिवार की सुबह सोनू करीब साढ़े दस बजे घर से बाजार जाने को पैदल निकला था। इसी दौरान जब सोनू एनएच-44 हाईवे किनारे पैदल जा रहा था, तभी एक कार सोनू के पास आकर रुकी, कार से उतरे बदमाशों ने सोनू की मारपीट करना शुरू कर दी। जिसके बाद बदमाश सोनू को कार में डालकर अपने साथ ले गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने सोनू के परिजन को सूचना दी। जिसके बाद परिजन बानमोर थाने पहुंचें। पुलिस ने सोनू के पिता देवी सिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। अगवा हुए सोनू को बरामद करने के लिए पुलिस की चार टीमें लगी हुई है।

**इनका कहना है...**
दिल्ली में टेक्नीशियन का काम करने वाला सोनू करीब एक महीने से घर पर था। सुबह करीब साढ़े दस बजे बाजार जा रहा था। तभी अज्ञात कार सवार उसे अगवा कर ले गए है। सोनू के पिता की रिपोर्ट पर अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। अपहृत सोनू को जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा।
**दीपेन्द्र सिंह यादव**
**थाना प्रभारी, बानमोर**

# पोरसा में जनसहयोग से होगा प्रजापति धर्मशाला का निर्माण

▸ संभाग में चलाया जाएगा व्यापक संपर्क अभियान

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/पोरसा, 18 जुलाई।** निर्माणाधीन प्रजापति धर्मशाला परिसर जौटई रोड पर शनिवार को समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में लंबे समय से अधूरे पड़े धर्मशाला निर्माण को शीघ्र पूरा कराने के लिए ग्वालियर-चंबल संभाग में जनसंपर्क एवं धन संग्रह अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में तय किया गया कि पांच-पांच सदस्यों की टीमें बनाकर प्रत्येक तहसील, नगर और गांव में समाज बंधुओं से संपर्क कर धर्मशाला निर्माण के लिए सहयोग राशि एकत्रित की जाएगी। समाज के सक्षम दानदाताओं से अपने अथवा परिजनों के नाम पर कक्ष निर्माण कराने की अपील भी की गई। बैठक की अध्यक्षता सुमेर सिंह प्रजापति ने की, जबकि संचालन अंतराम प्रजापति ने किया। इस अवसर पर मुन्नालाल, बेनीराम सेठ, जगदीश प्रजापति, रामजीलाल प्रजापति सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

### विशेष लोक अदालत में 17 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**मुरैना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित विशेष लोक अदालत आयोजित की गई। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती संगीता मदान के मार्गदर्शन में आयोजित लोक अदालत में एक विशेष खंडपीठ ने 17 प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण किया। लोक अदालत में पक्षकारों की सहमति के आधार पर 36 लाख 83 हजार 167 रुपये की राशि का अवार्ड पारित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य विवादों का त्वरितए सरल और सौहार्दपूर्ण समाधान कर न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या कम करना है।

## शादी करने के नाम पर 99 हजार रुपये वसूलने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

**पिछोर।** आवेदिका प्रीति पत्नी सुधीर फोगाट उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम चेंगोंला तहसील सोहना जिला गुरुग्राम हरियाणा द्वारा आरोपीगण कल्ला लोधी, शिवानी लोधी, प्राण सिंह यादव एवं उनके अन्य 02 अज्ञात साथियों द्वारा आपस में समान आशय से पूर्व योजना बनाकर योगेन्द्र का वास्तविक विवाह कराने का झूठा विश्वास दिलाकर आवेदिका से फोन पे के माध्यम से 99,000 रुपये प्राप्त किए गए। इसके पश्चात पूर्व निर्धारित स्थान पर आवेदिका एवं उसके परिजनों का रास्ता रोककर अतिरिक्त धनराशि की मांग की गई तथा धनराशि नहीं देने पर आवेदिका के साथ मारपीट कर चोट पहुँचाई गई, वाहन में तोड़फोड़ कर क्षति कारित की गई, शिवानी को अपने साथ वापस ले जाया गया तथा पुलिस में रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी देने संबंधी एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया, उक्त आवेदन पत्र पर से आरोपीगण कल्ला उर्फ प्रेमकुमार लोधी निवासी ग्राम परतापपुरा थाना खनियाधाना, शिवानी लोधी निवासी ग्राम सेमरी, प्राण सिंह यादव निवासी ग्राम भगवंतपुरा एवं उनके दो अन्य अज्ञात साथियों के विरुद्ध थाना पिछोर पर आपराधिक मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी निरीक्षक नीतू सिंह, उनि रामकिशोर जोशी, सउनि अरविंद सगर, रामहेत सिंह, प्रभावती लोधी, धर्मेन्द्र लोधी, प्रदीप नरवरिया, बचान सिंह तोमर, कमल गुर्जर, जयेन्द्र गुर्जर, जितेन्द्र गुर्जर, एनआरएस नंदिनी की सराहनीय भूमिका रही।

## हांसई गांव में सूने घर से लाखों रूपये के जेवरात-नकदी चोरी

-शुक्रवार की देर रात हुई वारदात, मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 18 जुलाई।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र के हांसई मेवदा गांव में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए करीब 3.15 लाख रुपये मूल्य के जेवर और नकदी चोरी कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फरियादी प्रदीप सोलंकी निवासी हांसई ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को वो अपनी ससुराल गया हुआ था। शनिवार की सुबह पत्नी ने फोन पर घर के ताले टूटे होने की सूचना दी। घर पहुंचने पर देखा कि मकान के तीन कमरों के ताले टूटे हुए थे। चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर करीब एक तोला सोने की चेन, लगभग 600 ग्राम चांदी के कड़े, 300 ग्राम चांदी की करधनी, 100 ग्राम चांदी का ब्रेसलेट तथा 2.20 लाख रुपये नकदी गायब थे। प्रदीप की सूचना पर सिविल लाईन पुलिस मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है।

## एसपी धर्मराज ने 5 निरीक्षकों के कंधे पर लगाया तीसरा स्टार



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 18 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आयोजित समारोह में पांच पुलिस अधिकारियों को पदोन्नति पर तीसरा स्टार पहनाकर सम्मानित किया।

इस दौरान स्टेशन रोड थाना प्रभारी संजय बरैया, टेंटरा थाना प्रभारी पारथ सिंह परिहार, सूबेदार मलखान सिंह परमार, हरेंद्र सिंह राजपूत और गजेंद्र परिहार को निरीक्षक/रक्षित निरीक्षक पद पर पदोन्नति दी गई। इसके साथ ही बानमोर थाना प्रभारी दीपेंद्र यादव, अंबाह थाना प्रभारी वीरेश सिंह कुशवाह और पहाड़गढ़ थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह परिहार को निरीक्षक पद पर नियमित पदोन्नति मिलने पर भी बधाई दी गई। एसपी धर्मराज मीणा ने कहा कि पदोन्नति केवल सम्मान नहीं, बल्कि नेतृत्व, अनुशासन और जनसेवा की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों से ईमानदारी, संवेदनशीलता और समर्पण के साथ कानून व्यवस्था मजबूत करने तथा आमजन का विश्वास बनाए रखने का आह्वान किया। समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्रपाल सिंह डाबर, रक्षित निरीक्षक रविकांत शुक्ला सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नशे से दूरी 2.0 : युवाओं को दिया नशे से दूर रहने का संदेश, ली शपथ

-झुग्गी, झोपड़ियों सहित 28 चिन्हित जगहों पर हुए कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 18 जुलाई।** नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के चौथे दिन शनिवार को पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों की झुग्गी-झोपड़ियों, चिन्हित स्पॉट और अन्य स्थानों पर 28 जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रमों में 2800 से अधिक लोगों ने नशामुक्त समाज बनाने की शपथ ली।

पुलिस अधिकारियों ने युवाओं और आमजन को नशे व तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। लघु फिल्मों के माध्यम से बताया गया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, शिक्षा और भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। अभियान के दौरान लोगों को नशे से दूर रहने, परिवार व समाज को नशामुक्त बनाने तथा नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार की सूचना पुलिस को देने का संकल्प दिलाया गया। पुलिस ने युवाओं से शिक्षा, खेल और कौशल विकास जैसी सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान करते हुए बताया कि अभियान के तहत आगामी दिनों में भी जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम लगातार जारी रहेंगे।




## कर्मयोगी स्व. रनसिंह को दी श्रद्धांजलि बच्चों ने गाया जय जगत

▸ जयंती पर सेवा, श्रमदान और राष्ट्र निर्माण का लिया संकल्प

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 18 जुलाई।** चंबल अंचल के प्रख्यात गांधीवादी समाजसेवी एवं महात्मा गांधी सेवा आश्रम के पूर्व सचिव स्व. डॉ. रनसिंह परमार (भाई जी) की जयंती शनिवार को भाई जी बाल मंदिर में श्रद्धा और सादगी के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों, आश्रम परिवार और समाज के लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सेवा, श्रमदान और सामाजिक उत्थान के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया, जब भाई जी बाल मंदिर के बच्चों ने जय जगत गीत प्रस्तुत किया। गीत की प्रस्तुति ने पूरे परिसर को भावविभोर कर दिया। वक्ताओं ने डॉ. परमार के समाज सेवा, ग्राम स्वराज, जैविक खेती, पर्यावरण संरक्षणए शिक्षा और गरीबों के अधिकारों के लिए किए गए योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। कार्यक्रम में बाल मंदिर के डायरेक्टर जिम्मी जार्ज, श्रीमती जिम्मी जार्ज, जगदीश शुक्ला, लक्ष्मीनारायण शर्मा, शीतल जैन, बहादुर सिंह कुशवाह, संजय सिंह जादौन सहित महात्मा गांधी सेवा आश्रम परिवार, शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# खेड़ाकलां के रमन धाकड़ ने नीट परीक्षा में बाजी मारी

▸ 573 अंकों के साथ मिली 21781 रैंक



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 18 जुलाई।** ग्राम खेड़ाकलां निवासी शिक्षक रघुराज सिंह धाकड़ के पुत्र रमन कुमार धाकड़ ने नीट-2026 में 720 में से 573 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक-21781 हासिल की है। उनकी इस सफलता से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

रमन की उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों और समाजजनों ने उनका सम्मान कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। परिजनों ने बताया कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासित दिनचर्या और निरंतर अध्ययन का परिणाम है। डॉ. वीरेंद्र धाकड़, डॉ. महेंद्र धाकड़, मुकेश रजक, अमृतलाल धाकड़, हंसराज सिंह धाकड़, गिर्राज धाकड़, अजमेर सिंह धाकड़, रामेश्वर सिंह धाकड़ और राकेश धाकड़ सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने रमन को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं कीं है।

# वर्कशॉप में किसानों को दिया प्राकृतिक खेती का संदेश




**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 18 जुलाई।** कृषि विज्ञान केंद्र में मप्र राज्य मिलेट मिशन योजना के तहत दो दिवसीय सेमीनार एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को श्रीअन्न (मिलेट) की खेती, प्राकृतिक कृषि और कृषि अवसंरचना योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यशाला में बाजरा, रागी, कोदो, कुटकी और ज्वार जैसी फ़सलों के पोषण एवं आर्थिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। वैज्ञानिकों ने अलनीनो के संभावित प्रभाव और अनियमित वर्षा को देखते हुए किसानों को कम अवधि वाली मूंग एवं उड़द की फ़सलें बोने की सलाह दी। उप संचालक कृषि अनंत बिहारी सड़ैया ने कृषि अवसंरचना निधि योजना की जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को इस योजना में तीन प्रतिशत ब्याज अनुदान का लाभ मिलता है। उन्होंने किसानों से योजना का अधिकाधिक लाभ उठाकर कृषि आधारित आय बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य केशव सिंह सहित कृषि विभाग के अधिकारी, वैज्ञानिक और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान को लेकर फूप थाना पुलिस ने चलाया जनजागरूकता अभियान

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड 18 जुलाई।** मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशन में प्रदेशभर में संचालित 'नशे से दूरी है जरूरी' नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत शनिवार को फूप थाना पुलिस द्वारा फूप तिराहा पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर समाज में नशामुक्त वातावरण तैयार करना है। कार्यक्रम के दौरान फूप टीआई छत्रपाल सिंह तोमर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। उन्होंने युवाओं से किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। साथ ही उपस्थित नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों को नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प भी दिलाया तथा अभियान के उद्देश्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह तोमर, उपनिरीक्षक ब्रजेश परमार, आरक्षक राहुल राजावत, नरेंद्र यादव, शिवम यादव, शुभम यादव एवं राहुल सिकरवार सहित थाना फूप का पुलिस बल उपस्थित रहा।




## आज जौरा में निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 18 जुलाई।** भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की भव्य रथयात्रा आज 19 जुलाई को दोपहर 2 बजे बस स्टैंड स्थित रेलवे पुल के पास से प्रारंभ होकर बॉयज एक्सीलेंस स्कूल तक निकाली जाएगी। इस्कॉन के तत्वावधान में आयोजित यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। यात्रा का समन्वय मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शारदा कैलाश मित्तल करेंगे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालु रथयात्रा का स्वागत करेंगे। गांधी पार्क, एमएस रोड के सामने श्रीमती शारदा कैलाश मित्तल, महिला महासभा एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भगवान जगन्नाथ की आरती की जाएगी। वहीं प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल की ओर से यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया जाएगा। आयोजकों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में रथयात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## विद्युत शिविर में समस्याएं हुई निराकृत, 3.12 लाख की वसूली



### जौरा नगर के वार्ड-17 में शनिवार को हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 18 जुलाई।** विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से शनिवार को कस्बा जौरा के वार्ड-17 स्थित छात्रावास परिसर में विद्युत समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का संचालन सहायक यंत्री पीएस यादव एवं कनिष्ठ यंत्री मुकेश मिश्रा के निर्देशन में हुआ। शिविर में उपभोक्ताओं ने नए बिजली कनेक्शन, कम-ज्यादा वोल्टेज तथा बार-बार फ्यूज उड़ने जैसी समस्याएं दर्ज कराई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया। इस दौरान बकाया बिजली बिलों की वसूली भी की गई, जिसमें 3.12 लाख की राशि प्राप्त हुई। शिविर में ब्रजमोहन धाकड़, ऋषिकेश कुशवाह, मनोज कुमार, घनश्याम सिकरवार, रजत शर्मा, अमरकांत शर्मा, मनोज सविता, हरिओम कुशवाह सहित विद्युत विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# मुरैना में नि:शुल्क न्यूरो एवं हड्डी रोग शिविर आज लगेगा

▸ पुष्पा मां फिजियोवर्ल्ड सेंटर पर सुबह 10 बजे से आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 18 जुलाई।** मेट्रो न्यूरो स्पाइन हॉस्पिटल ग्वालियर एवं आचार्य आनंद क्लब मुरैना के संयुक्त तत्वावधान में आज 19 जुलाई को नि:शुल्क परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 10 से 12 बजे तक पुष्पा मां फिजियोवर्ल्ड, राठी हॉस्पिटल के पास, सब्जी मंडी रोड पर लगेगा। शिविर में रीढ़ की हड्डी, लकवा, पैरालाईसिस, स्लिप डिस्क, माइग्रेन, साइटिका, कमर व गर्दन दर्द, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण सहित विभिन्न रोगों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा। वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. संतोष त्रिपाठी मरीजों का परीक्षण करेंगे। आयोजकों ने मरीजों से परामर्श के लिए अपनी पूर्व की जांच एवं एक्स-रे रिपोर्ट साथ लाने की अपील की है।